The Speaker made fererence to the passing away of Shri E.V.K.S.Elangovan, Member, Fourteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुःख के साथ अपने एक पूर्व साथी के निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री ई. वी. के. एस. एलंगोवन, तमिलनाडु के तत्कालीन गोबीचेट्टीपालयम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री एलंगोवन ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। इससे पहले वे तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री ई.वी.के.एस. एलंगोवन का निधन 14 दिसम्बर, 2024 को 75 वर्ष की आयु में चेन्नई में हुआ।

हम अपने पूर्व साथी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

11.3$^{1/2}$ hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष **:** ओम शांति: शांति: शांति:।

? (व्यवधान)